>

Title: Need to ban illegal mining activity in Aravali region in Haryana, Rajasthan and Uttar Pradesh.

श्री अवतार सिंह भडाना (फ़रीदाबाद): मेरा संसदीय क्षेत्र फरीदाबाद एनसीआर से लगा हुआ है। एनसीआर से लगे हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्य के कई जिले जो अरावली पर्वतमाला या उसकी तराई पर बसे हुये हैं, इस क्षेत्र में खनन माफिया द्वारा अवैध खनन कई वर्षों से जारी रहने के कारण अब तक केन्द्र सरकार और राज्य सरकार को हजारो करोड़ रूपये के राजस्व का नुकसान हो चुका है और पर्यावरण को भारी क्षति हो रही है।

पर्यावरण को बचाने के लिए उच्चतम न्यायालय ने खनन पर पाबंदी लगा रखी है और 10 साल पहले एक सी.ई.सी. कमेटी का गठन किया था ताकि अवैध खनन पर रोक लगाई जा सके और खनन के लिए एरिया चिन्हित किया जाये और पर्यावरण को कोई नुकसान न हो। लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। पाबंदी के कारण सरकारी खनन बंद है लेकिन अवैध खनन जारी है। पिछले 10 सालों में जितने भी निर्माण कार्य उक्त राज्यों में हुये हैं, उसके निर्माण में 10 रूपये का माल 200 रूपये में बिका है। जिस कारण केन्द्र और राज्यों को भारी राजस्व का नुकसान हुआ है।

मेरी मांग है कि अवैध खनन पर तुंत रोक लगाई जाये और सरकार के माध्यम से खनन शुरू कराया जाये ताकि सरकार को राजस्व प्राप्त हो सके और गरीब जनता को रोजगार प्राप्त हो सके।